**दिनांक : 24/09/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

1. वाराणसी से वडनगर जा रही 'सेवा संकल्प बाइक यात्रा' आज देवास के पुंजापुरा पहुंचेगी, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे बाइक राइडर्स से संवाद।
2. सिंहस्थ-2028 के लिए 15 हजार से ज्यादा प्रशिक्षित स्वयंसेवक संभालेंगे सेवा और भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी।
3. प्रदेश में 25 सितंबर से शुरू होगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा, इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों का होगा संचालन।
4. प्रदेश में फिर तेज होगा बारिश का दौर, 25 और 26 सितंबर को पूर्वी हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट।

'सेवा संकल्प-बाइक यात्रा'

वाराणसी से वडनगर के लिए निकाली जा रही 'सेवा संकल्प बाइक यात्रा' आज देवास जिले के पुंजापुरा पहुंचेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यात्रा में शामिल बाइक राइडर्स से वर्चुअली संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 17 सितंबर को वाराणसी से यह यात्रा शुरू हुई थी। यात्रा में 250 बाइकों पर 500 सेवा यात्री शामिल हैं और यह विभिन्न राज्यों से होते हुए वडनगर पहुंचेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सामाजिक सुरक्षा पेंशन के करीब 35 लाख हितग्राहियों के खातों में करीब 212 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित भी करेंगे।

सिंहस्थ-2028- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला होगा और इसे भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी को पूरी क्षमता से तैयार होना होगा। डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में भारत स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ संगोष्ठी में यह बात कही। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ में सेवा कार्यों और भीड़ प्रबंधन के लिए भोपाल में अत्याधुनिक ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाएगा। सिंहस्थ-2028 में 15 हजार से अधिक प्रशिक्षित स्वयंसेवक 20 से ज्यादा कैंपों के जरिए सेवा का मोर्चा संभालेंगे।

राष्ट्रपति वडोदरा संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल वडोदरा में ब्रह्माकुमारी संस्था के कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें आध्यात्मिक जागरण भी शामिल होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की करीब 65 प्रतिशत आबादी युवा है और युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

प्रदेश में 25 सितंबर से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत होने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भोपाल के दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सार्वजनिक यात्री बसों के संचालन की शुरुआत करेंगे। इस सेवा के तहत प्रदेश में इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसें चलाई जाएंगी, जिनमें यात्रियों की सुरक्षा के लिए जीपीएस और पैनिक बटन की सुविधा होगी। सरकार ने वर्ष 2031 तक सार्वजनिक परिवहन में बसों की संख्या बढ़ाकर 15 हजार करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हर साल 2500 से 3 हजार नई बसें जोड़ने की योजना है और चालकों को आधुनिक बसों के संचालन और सुरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

आयुष्मान भारत योजना

आयुष्मान भारत योजना के आठ वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस योजना के तहत देश के करीब 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवरेज मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने इसे दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजनाओं में से एक बताया। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में ग्यारहवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने आयुष वैलनेस पर्यटन केंद्र का नया नाम 'आरोग्यम् धाम' जारी किया और स्वास्थ्य तथा आयुष क्षेत्र से जुड़ी कई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा-

डिप्टी सीएम- कॉन्क्लेव

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में मातृ और शिशु मृत्यु दर को शून्य स्तर तक लाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। भोपाल में आयोजित 'मोदी 25: विकसित भारत, बढ़ता मध्य प्रदेश' कॉन्क्लेव में कल उन्होंने यह बात कही। श्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर और टेलीमेडिसिन के जरिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब साढ़े चार करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है और अब तक करीब 14 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

सेवा संकल्प - जल जीवन मिशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसेवा में 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनकी यात्रा जन सेवा से देश सेवा के संकल्प और निरंतर जनसेवा की भावना से प्रेरित रही है। इसी सेवा और सुशासन की सोच के साथ सरकार वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में कार्य कर रही है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम बात करेंगे कि कैसे जल जीवन मिशन के माध्यम से इस दृष्टिकोण को व्यवहार में लाया गया है।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में बारिश का दौर एक बार फिर तेज होने वाला है। बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के असर से 25 और 26 सितंबर को प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक आज छतरपुर, पन्ना, सतना, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा में भारी बारिश हो सकती है। वहीं भोपाल समेत कई जिलों में हल्की से तेज बारिश होने का अनुमान है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

1. खंडवा जिले के छैगांवदेवी में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर 50 बिस्तरीय आयुर्वेद चिकित्सालय के निर्माण का भूमि पूजन किया गया।
2. मंदसौर में सेवा संकल्प अभियान के तहत नमो सेवा एवं अनकही कहानियां थीम पर कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए।
3. धार में आयुर्वेद दिवस पर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं आयुर्वेद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
4. आगरमालवा पहुंची जन सेवा संकल्प यात्रा का विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।
5. झाबुआ में कल अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
6. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग 27 सितम्बर को ऑफलाइन पद्धति से एक सत्र में राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का आयोजन करेगा।
7. डिंडौरी में बैगा बाहुल्य वनग्राम पोंडी, ईश्वरपुर बंगवार एवं वकीली टोला झामूल में स्वास्थ्य जांच एवं पोषण परामर्श शिविर आयोजित किए गए।
8. मंडला के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर में उमंग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।
9. पन्ना जिले में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत मेरे सपनों का भारत गतिविधि संचालित की जा रही हे।
10. गुना कलेक्टर ने कल ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया।
11. छतरपुर के खजुराहो में जन-जल सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ननौरा तालाब में सांसद खजुराहो विष्णु दत्त शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।
12. नीमच में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत समन्वित कृषि विकास कार्यशाला में किसानों को खेती को अधिक लाभकारी बनाने की जानकारी दी गई।

-------------